Skill – 7
आज्ञा माँगना

जब आप किसी से आज्ञा ले रहे हैं, तो आपको :

1. **उस व्यक्ति की तरफ देखना चाहिए।**
2. **जब आप आज्ञा ले रहे हों, तो दो टूक बात कीजिए,**
   उस व्यक्ति को यह साफ पता चलना चाहिये कि आप क्या चाहते हैं।

3. **आज्ञा को मांगिये, लीजिये नहीं** – "प्लीज, क्या मैं ....?"
4. **यदि आवश्यक हो तो कारण बताइये।**
5. **जो भी निर्णय हो उसे स्वीकार कीजिये।**

जब भी आप कोई ऐसी चीज चाहते हों, या प्राप्त करना चाहते हों, जिसकी जिम्मेदारी दूसरे व्यक्ति के पास है, तो उससे आज्ञा माँगना जरूरी होता है। आज्ञा माँगने से यह पता चलता है कि आप दूसरों का आदर करते हैं और ऐसा करने से आपकी माँग भी पूरी हो सकती है।

उपयोगी बातें :

- जो चीज आपकी नहीं है, उसका प्रयोग करने के लिये आज्ञा माँगना सदैव बुद्धिमानी होती है। चाहे वह 'चिप्स' या किसी की साइकिल का प्रश्न हो–आज्ञा माँगनी चाहिये।
- कभी–कभार आप जो माँगते हैं वह आपको नहीं मिलता। लेकिन यदि आपने अच्छे से, और सही ढंग से अपनी माँग की है, तो संभावना है कि अगली दफा, आपकी मांग पूरी हो जाए।
- आप इस बात से यह अंदाजा लगा सकते हैं कि यदि कोई बिना आज्ञा के आपकी कोई चीज इस्तेमाल करे, तो आपको कैसा लगेगा। वो अपनी याचना में शिष्ट नहीं है व आपकी संपत्ति का सम्मान नहीं कर सकता, इन बातों के अलावा आप यह भी चिन्ता कर सकते हैं कि कहीं आपका सामान टूट न जाये या खो न जाये।